# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक : 77

दिनांक 22/6/08


अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(O) 9939469410
(R)0612_2526123

उपाध्यक्ष
1. शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(O) 2504498
(R) 0612-2288139

2. अखलाख अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार,
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
1. राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

2. अनिल कुमार सिंह
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्रशेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555


**आज दिनांक 22–06–08 को अध्यक्ष श्री अरूण चन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में बिहार प्रशासनिक सेवा की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक की कार्यवाही के अनुसार उपस्थित हुएः–**

उपस्थिति पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों के द्वारा अपना परिचय दिया गया। अध्यक्ष तथा महासचिव द्वारा नयी कार्यकारिणी के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा बदलते परिवेश में बासा की प्रासंगिकता एवं इसके कार्यकलाप के संबंध में विचार आमंत्रित किया तथा सभी सदस्यों ने अपने–अपने अनुभवों एवं विचारों से सदन को अवगत कराने का अनुरोध किया। सर्वप्रथम श्री ए० के० चौधरी, उपसचिव ने अपने उद्‌गार व्यक्त किये जिसमें उन्होंने आने वाले समय में संघ की दिशा एवं रणनीति के संबंध में जोर दिया। श्री चौधरी द्वारा जिला स्तर पर संघ की इकाई को गठित करने एवं इसे मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया गया। साथ ही Basic Grade का वेतनमान रू0 8000/– से रू0 13,500/– किये जाने के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता हेतु भी अनुरोध किया गया।

- श्री राजयनंद बडियार, अंचलाधिकारी, दानापुर द्वारा प्रखंड स्तर पर प्रशासनिक पदाधिकारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया एवं संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न स्तरों पर इसके संरचनात्मक संगठन का सुझाव दिया गया। उनके द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि अनुमंडल स्तर तथा प्रमंडल स्तर पर भी संघ के Co-ordination Committee गठित की जानी चाहिए।
- श्री खुर्शीद आलम, अंचलाधिकारी, बिहटाः– द्वारा संघ के सदस्यों में अनुशासन एवं Character Building पर जोर दिया गया। साथ ही वरीय एवं कनीय पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय एवं एकदूसरे की भावना का आदर करने तथा उन्हें मदद करने के लिए आवश्यक कारगर व्यवस्था कायम करने पर जोर दिया गया।
- श्री रामजी पाण्डेय, अपरसमाहर्त्ता, हाजीपुरः– प्रखंड विकास पदाधिकारी, वैशाली, श्री अमिताभ सिंह के विजिलेंस द्वारा बिना किसी तथ्य के प्राथमिकी दर्ज किये जाने संबंधी मामले को उठाया गया तथा यह चिन्ता व्यक्त की गयी कि मात्र प्रशासनिक स्वीकृति देने से यदि प्रखंड विकास पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज की जाने लगी तो प्रखंड स्तर पर कार्य किया जाना अत्यंत दुष्कर हो जायेगा। साथ ही उनके द्वारा इस संबंध में कारगर कार्रवाई हेत सरकार से आवश्यक वार्ता पर भी जोर दिया गया तथा यह भी

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.................................

दिनांक ..................................

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(O) 9939469410
(R)0612_ 2526123

उपाध्यक्ष
1. शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(O) 2504498
(R) 0612-2288139

2. अखलाख अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार,
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
1. राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

2. अनिल कुमार सिंह
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्रशेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोगेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

कहा गया कि इस संबंध में गृह विभाग द्वारा निर्गत निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संघ आवश्यक कार्रवाई करे।

- श्री कुमार रविन्द्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहराः— द्वारा प्रखंड स्तर पर आधारभूत संरचनाओं के अभाव के कारण आ रही कठिनाईयों की तरह ध्यान आकृष्ट करते हुए यह माँग की गयी कि प्रखंड स्तर पर आवश्यक संरचनात्मक एवं आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए सरकार से वार्ता की जाय।
- श्री अनिल कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, पटनाः— के द्वारा संघ के आगामी कार्यकलापों के लिए एक रोडमैप तैयार किये जाने पर बल दिया गया। साथ ही जिला स्तर पर दंडाधिकारियों के बीच कार्यो के वितरण में अपनायी जा रही प्रणाली को समाप्त करते हुए सभी कार्यपालक दंडाधिकारियों को उनके कार्य के साथ अधिसूचित करने की प्रणाली अपनाये जाने पर जोर दिया गया।
- श्रीमति नीलम चौधरी, उपसमाहर्त्ताः— द्वारा संघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ट को पुनर्जीवित करने एवं BASA Wives Association बनाये जाने पर जोर दिया गया।
- श्री विजय रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोसवरीः— द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि जिला स्तर पर पदों का चिन्हिकरण विशेष रूप से किया जाय।
- श्री सतीश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेतियाः— द्वारा प्रखंड स्तर पर कर्मियों का घोर अभाव होने के कारण कार्य संपादन में आ रही कठिनाईयों की तरफ ध्यान आकृष्ट किया गया तथा इस बात पर जोर दिया गया कि सरकार अविलम्ब प्रखंड स्तर पर सभी रिक्त पदों पर कर्मियों का पदस्थापन सुनिश्चित करे। साथ ही एक पदाधिकारी द्वारा एक से अधिक कार्य लेने की प्रवृति पर भी अंकुश लगाया जाय।
- श्री राकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, विक्रमः— ने विजिलेंस विभाग द्वारा प्रशासनिक पदाधिकारियों को गलत रूप से फंसाये जाने पर अपनी आपत्ति व्यक्त की तथा प्राथमिकी दर्ज किये जाने से पूर्व विभाग प्रधान से स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी विभागीय आदेश के अनुपालन के लिए संघ से कारगर कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया।
- श्री एस० के० सिंह, संयुक्त सचिव, गृह विभागः— द्वारा संघ के माँग पर सरकार से संवादहीनता की स्थिति समाप्त करने पर जोर दिया गया तथा जिला एवं कमिशनरी

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800 001

(पंजीयन सं०-633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक ..............................

दिनांक ..............................


अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(O) 9939469410
(R)0612_2526123

उपाध्यक्ष
1. शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(O) 2504498
(R) 0612-2288139

2. अखलाख अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार,
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
1. राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

2. अनिल कुमार सिंह
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्रशेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555


स्तर पर Co-ordination Committee के गठन का सुझाव दिया गया। साथ ही Basic Grade के लिए रू0 8000/– से रू0 13,500/– के वेतनमान की माँग को प्रमुखता से रखने पर जोर दिया गया।

- श्री राजेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, टनकुपाः– द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि यदि प्रशासनिक कार्य के दौरान प्राथमिकी दर्ज की जाती है तो इस बात का ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि प्राथमिकी दर्ज करने का कारण प्रशासनिक चूक है अथवा Monitoring की भूल या यह गबन का मामला है। उनके द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि प्रथम 2 प्रकार की गलतियों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने के बदले विभागीय कार्रवाई ही पर्याप्त है।
- संघ के उपाध्यक्ष, श्री शम्भु नाथ मिश्र, महाप्रबंधक, बी0एस0बी0सी0एल0:– द्वारा प्रखंड स्तर पर आधारभूत संरचना के सुधार पर जोर दिया गया।

अंत में अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा सभी सदस्यों का धंन्यवाद ज्ञापन करते हुए सदस्यों की भावनाओं को ध्यान में रखकर आगे की रणनीति निर्धारित करने एवं बिहार प्रशासनिक सेवा को पुनः शीर्षस्थ सेवा के रूप में स्थापित करने के लिए सभी संभव कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में निम्नांकित निर्णय लिये गयेः–

1. संघ को सशक्त करने के लिए इसकी जिला इकाईयों का सशक्तीकरण आवश्यक है। अतः निर्णय लिया गया कि सभी जिला में अधिकतम दो माह के अन्दर जिला इकाईयों का पुर्णरूप से गठन कर लिया जाय एवं इसके पद धारकों की सूची केन्द्रीय कार्यकारिणी को उपलब्ध करा दिया जाय।

2. यह भी निर्णय लिया गया कि जिला इकाई प्रत्येक माह अपनी बैठक करायेगी एवं बैठक की कार्रवाई केन्द्रीय कार्यकारिणी को भेजी जायेगी।

3. प्रमंडल स्तर पर भी Co-ordination Committee का गठन किया जाय जो उस प्रमंडल के विभिन्न जिलों के बीच समन्वय का काम करेगी तथा संघ के सांस्कृतिक इकाई को पूर्णजीवित किया जाय। इस कार्य के लिए श्रीमति नीलम चौधरी को अपना सुझाव एक माह के अन्दर केन्द्रीय कार्यकारिणी को देने का निदेश दिया गया।

4. यह भी निर्णय लिया गया कि श्री मोहन सरकार, उपसचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग पूर्व की भाँति ही संघ की पत्रिका (प्रशासन) के संपदान से संबंधी कार्य करते

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक ..................................

दिनांक ..................................

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(O) 9939469410
(R)0612_ 2526123

उपाध्यक्ष
1. शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(O) 2504498
(R) 0612-2288139

2. अखलाख अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार,
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
1. राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

2. अनिल कुमार सिंह
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्रशेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

रहेंगे एवं इसमें आवश्यक सुधार के संबंध में एक माह के अन्दर अपने सुझाव से केन्द्रीय कार्यकारिणी को अवगत करायेंगे।

5. प्रखंड स्तर पर प्रशासनिक पदाधिकारियों की समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देने पर निर्णय लिया गया ताकि वहाँ पदस्थापित पदाधिकारियों को अपने कार्य का निर्वहन करने में कोई कठिनाई नहीं हो। यह भी निर्णय लिया गया कि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की समस्याओं, सुरक्षा, पदोन्नति एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में सरकार से वार्ता करने हेतु अविलम्ब रणनीति तैयार किया जाय तथा इसपर सभी सदस्यों के राय से Road Map तैयार किया जाय। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

Sushil 22/6/08
सुशील कुमार
महासचिव

22/6
अरूण चन्द्र मिश्र
अध्यक्ष

ज्ञापांकः– 77

दिनांकः– 22/6/08

प्रतिलिपिः–सभी कार्यकारिणी एवं सदस्य/सभी जिला इकाई के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

Sushil 22/6/08
महासचिव